प्रश्नपत्र संख्या

19 11 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2019

**विद्यालय का नाम –** ..............................................................................

**प्रतियोगी का नाम –** .............................................. ह० .............. **अनुक्रमांक –** ..................

**कुल समय: 1 घंटा** **कक्षा–ग्यारह** **कुल अंक: 100**

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प का गोला (●)भरिए।

2) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

3) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

---

**प्रश्न 1. संचार का अर्थ है ......................।**

(क) फैलना ○ (ख) बढ़ना ○

(ग) चलना ○ (घ) तीन से बढ़कर चार होना ○

**प्रश्न 2. विल्बर सैम के अनुसार- 'संचार .......... की साझेदारी है।'**

(क) अनुभवों ○ (ख) विचारों ○

(ग) कार्यों ○ (घ) विभिन्न साधनों

**प्रश्न 3. संचार की शरुआत इनमें से किससे होती है?**

(क) एन कोडिंग ○ (ख) संचारक (स्रोत) ○

(ग) माध्यम चैनेल ○ (घ) रिसीवर ○

**प्रश्न 4. अंतर वैयक्तिक संचार है ....................................।**

(क) किसी को याद करना ○

(ख) अध्यापक द्वारा कक्षा में छात्रों को कुछ बताना ○

(ग) यांत्रिक माध्यमो का प्रयोग करके संदेश देना ○

(घ) दो व्यक्तियों द्वारा आमने-सामने बातें करना ○

**प्रश्न 5. इनमें से जनसंचार का साधन किस विकल्प में नहीं है?**

(क) इंटरनेट ○ (ख) सिनेमा ○ (ग) टाइपराइटर ○ (घ) रेडियो ○

**प्रश्न 6. पौराणिक पात्रों को ध्यान में रखें तो भारत का पहला समाचार वाचक किसे माना जाता है?**

(क) श्री कृष्ण ○ (ख) इंद्र ○ (ग) नारद ○ (घ) संजय ○

**प्रश्न 7. जनसंचार के आधुनिक साधन हमें निम्नलिखित में से किससे मिले हैं?**

(क) वेद-पुराणों से ○ (ख) पश्चिमी देशों के हमलावरों से ○

(ग) मुगलों से ○ (घ) अंग्रजों से ○

**प्रश्न 8. बाहर से खबरें लाने का काम इनमें से कौन करता है?**

(क) संवाददाता ○ (ख) संपादक ○

(ग) उपसंपादक ○ (घ) सहायक संपादक ○

**प्रश्न 9. हिंदी का पहला साप्ताहिक पत्र 'उदंत मार्तंड' था। इसके संपादक कौन थे?**

(क) भारतेंदु हरिश्चंद्र ○ (ख) जुगल किशोर शुक्ल ○

(ग) जेम्स आगस्ट हिकी ○ (घ) लोकमान्य तिलक ○

**प्रश्न 10. आल इंडिया रेडियो की स्थापना कब हुई?**

(क) 1921 ○ (ख) 1930 ○ (ग) 1936 ○ (घ) 1938 ○

**प्रश्न 11. रेडियो को एक 'अद्भुत शक्ति' किसने कहा था?**

(क) जवाहर लाल नेहरू ○ (ख) सरदार पटेल ○

(ग) भीमराव अंबेडकर ○ (घ) गांधीजी ने ○

**प्रश्न 12. टी. वी. सेवा को आकाशवाणी से अलग करके इसे 'दूरदर्शन' नाम कब दिया गया?**

(क) अप्रैल 1959 ○ (ख) अप्रैल 1965 ○

(ग) अप्रैल 1975 ○ (घ) अप्रैल 1976 ○

**प्रश्न 13. छोटा सा वृत्त सूर्य का प्रतिनिधित्व इनमें से किसमें करता था?**

(क) पिक्टोग्राफ़ी में ○ (ख) ऑडियो ग्राफ़ी में ○

(ग) लोगो ग्राफ़ी में ○ (घ) इन सभी में ○

**प्रश्न 14. कागज़ और मुद्रण की संयुक्त क्रांति इनमें से कौन-सी क्रांति थी?**

(क) पहली ○ (ख) दूसरी ○ (ग) तीसरी ○ (घ) चौथी ○

**प्रश्न 15. मुद्रण (छपाई) के आविष्कार का श्रेय किसे दिया जाता है?**

(क) साई लुन को ○ (ख) बौद्ध भिक्षुओं को ○

(ग) गुटेनवर्ग को ○ (घ) साम्राज्ञी शोढोंकु को ○

**प्रश्न 16. उत्पादकों द्वारा विज्ञापनों का प्रयोग क्यों किया जाता है?**

(क) क्रेताओं की सेवा के लिए ○

(ख) क्रेताओं को लाभ पहुँचाने के लिए ○

(ग) अपने उत्पाद की बिक्री बढ़ाने के लिए ○

(घ) लोगों को रोजगार देने के लिए ○

**प्रश्न 17. इनमें से कौन-सा समाचार का तत्व नहीं है?**

(क) अनोखापन ○ (ख) जनरूचि ○ (ग) जनसाधारण ○ (घ) नवीनता ○

**प्रश्न 18. पत्रकारिता को लोकतंत्र का .................... स्तंभ कहा जाता है।**

(क) पहला ○ (ख) दूसरा ○ (ग) तीसरा ○ (घ) चौथा ○

**प्रश्न 19. पत्रकार की चार बैसाखियों में से तीसरी बैसाखी है-**

(क) निष्पक्षता ○ (ख) सच्चाई ○ (ग) संतुलन ○ (घ) स्पष्टता ○

**प्रश्न 20. समाचार पत्र का सबसे महत्वपूर्ण पृष्ठ इनमें से किसे माना जाता है?**

(क) प्रथम पृष्ठ ○ (ख) खेल समाचार पृष्ठ ○

(ग) संपादकीय पृष्ठ ○ (घ) अंतर्राष्ट्रीय समाचार पृष्ठ ○

**प्रश्न 21. अमेरिका का 'वाटरगेट कांड' किस पत्रकारिता का उदाहरण है?**

(क) विशेषीकृत पत्रकारिता ○ (ख) खोजपरक पत्रकारिता ○

(ग) वॉचडॉग पत्रकारिता ○ (घ) एडवोकेसी पत्रकारिता ○

**प्रश्न 22. भारत में पहला छापाखाना कहाँ खुला?**

(क) मुंबई में ○ (ख) कोलकाता में ○

(ग) गोवा में ○ (घ) चेन्नई में ○

**प्रश्न 23. समाचार लेखन की सबसे लोकप्रिय शैली उल्टा पिरामिड-शैली में सबसे पहले किसे लिखा जाता है?**

(क) सबसे महत्वपूर्ण समाचार को ○ (ख) कम महत्वपूर्ण समाचार को ○

(ग) सबसे कम महत्वपूर्ण समाचार को ○ (घ) इनमें से कोई नहीं ○

**प्रश्न 24. क्या, कब, कौन और कहाँ आधारित होते हैं?**

(क) विवरणात्मक तथ्यों पर ○ (ख) व्याख्यात्मक तथ्यों पर ○

(ग) सूचनात्मक तथ्यों पर ○ (घ) विश्लेषणात्मक तथ्यों पर ○

**प्रश्न 25. तथ्यों सूचनाओं और आँकड़ों की गहरी छानबीन और खोज की जाती है-**

(क) खोजी रिपोर्ट में ○ (ख) इन डेप्थ रिपोर्ट में ○

(ग) विश्लेषणात्मक रिपोर्ट में ○ (घ) विवरणात्मक रिपोर्ट में ○

**प्रश्न 26. इनमें से शुद्ध शब्द किस विकल्प में से हैं?**

(क) त्वोहार ○ (ख) त्यौहार ○

(ग) त्योहार ○ (घ) तयोहार ○

**प्रश्न 27. मानक वर्तनी के अनुसार शुद्ध शब्द है-**

(क) हड्डियाँ ○ (ख) हड्डियाँ ○ (ग) हड्डियाँ ○ (घ) हड्डीयाँ ○

**प्रश्न 28. शुद्ध शब्द वाला विकल्प है-**

(क) श्रृंगार ○ (ख) श्रंगार ○ (ग) सिंगार ○ (घ) शृंगार ○

**प्रश्न 29. 'अँगूठा दिखाना' मुहावरे का सही अर्थ किस विकल्प में है-**

(क) चिढ़ाना ○ (ख) प्रशंसा करना ○

(ग) स्वीकृति देना ○ (घ) साफ़ मना कर देना ○

**प्रश्न 30. सही लोकोक्ति भरकर पूरा कीजिए**

प्राइवेट कालेज में दाखिले के लिए दो लाख रुपये चाहिए थे। मैं केवल बीस हज़ार रुपये लेकर गया था। यह सुनकर प्रधानाचार्य ने कहा- ''ये रुपये ........................ के बराबर भी नहीं है।''

(क) एक पंथ दो काज ○ (ख) खोदा पहाड़ निकली चुहिया ○

(ग) ऊँट के मुँह में जीरा ○ (घ) नौ दिन चले अढ़ाई कोस ○

**प्रश्न 31. जिस काव्य पंक्ति के प्रथम चरण में 11 और दूसरे चरण में 13 मात्राएँ पाई जाती है उसे ................. कहते हैं।**

(क) दोहा ○ (ख) चौपाई ○ (ग) सोरठा ○ (घ) कवित्त ○

**प्रश्न 32. कवित्त छंद का उदाहरण है-**

(क) जो खग हो तो बसेरो करो मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन। ○

(ख) नाथ संभु धनु भंजनिहारा। होइहै कोउ एक दास तुम्हारा।। ○

(ग) बिलखि कहेउ मुनिनाथ, सुनहुँ भरत भावी प्रबल। ○

(घ) चाहत उठ्योई उठि गई सो निगोड़ी नींद,
सोए गए भाग मेरे जानि वा जगन में। ○

**प्रश्न 33. हाय! फूल सी कोयल बच्ची**
**हुई राख की देरी थी।**

**उक्त पंक्ति में निहित रस है ..................**

(क) हास्य रस ○ (ख) करुण रस ○

(ग) शांत रस ○ (घ) भक्ति रस ○

**प्रश्न 34. जब उपमेय में उपमान की संभावना प्रकट जाती है तो वह ........................ अलंकार होता है।**

(क) यमक ○ (ख) श्लेष ○ (ग) उत्प्रेक्षा ○ (घ) मानवीकरण ○

**प्रश्न 35. 'विस्मय' किस रस का स्थाई भाव है?**

(क) वीर ○ (ख) हास्य ○ (ग) अद्‌भुत ○ (घ) शांत रस ○

**प्रश्न 36. विद्‌यालय के पास डाकघर है। वाक्य में रेखांकित अंश है-**

(क) क्रियाविशेषण ○ (ख) संबंधबोधक ○

(ग) निपात ○ (घ) समुच्चयबोधक ○

**प्रश्न 37. सही वाक्य का चयन कीजिए-**

(क) आपकी दर्शन दुर्लभ हो गई है। ○ (ख) आपका दर्शन दुर्लभ हो गया है। ○

(ग) आपके दर्शन दुर्लभ हो गए हैं। ○ (घ) आपके दर्शन दुर्लभ हो गया है। ○

**प्रश्न 38. इंद्रधनुष के रंगों के मध्य में कौन-सा रंग आता है?**

(क) बैगनी ○ (ख) हरा ○ (ग) लाल ○ (घ) पीला ○

**प्रश्न 39. इंद्रधनुष के जामुनी रंग को अंग्रेजी में कहते हैं-**

(क) Voilet ○ (ख) Indigo ○

(ग) Orange ○ (घ) Red ○

**प्रश्न 40. आवेदन पत्र में इनमें से किसे सबसे नीचे लिखा जाता है?**

(क) अधिकारी का पदनाम एवं कार्यालय का पता ○

(ख) व्यक्तिगत विवरण ○

(ग) प्राथी के हस्ताक्षर ○

(घ) शैक्षिक योग्यताएँ ○

**दिए गए पद्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिए-**

शिक्षा की उन्नति के लिए शिक्षा के रूप, परिभाषा और शिक्षण-पद्धतियों में परिवर्तन होता गया। उनके साथ ही शिक्षा में दंड के रूप में भी परिवर्तन आया। पहले शिक्षालयों में अध्यापक का राज्य होता था। उसकी आज्ञा और इच्छा सर्वोपरि मानी जाती थी, विद्यार्थी उसकी प्रत्येक उचित अथवा अनुचित आज्ञा मानने को बाध्य थे। प्रारंभ से ही आज्ञा उल्लघंन अथवा गुरु की इच्छा के विरुद्ध कार्य करने पर उन्हें गुरुदेव के असीम क्रोध का भाजन बनना पड़ता था। गुरुदेव के बेंतों और कोड़ों की मार, एक टाँग डेस्क पर धूप या वर्षा में खड़ा रखना, मुर्गा बना देना आदि उस समय के प्रचलित दंड थे। क्रमशः दंड के विधान में परिवर्तन होने लगा। विद्यार्थियों के अत्यधिक शारीरिक कष्ट तथा उससे होने वाली हानियों पर विचार किया गया तथा शारीरिक दंड को सर्वथा अनुचित समझा जाने लगा। आज शिक्षा में दंड की अपेक्षा दया, सहानुभूति और प्रेम से विद्यार्थियों को कर्त्तव्य की राह पर लाने पर जोर दिया जाता है।

**प्रश्न 41. शिक्षा की उन्नति के लिए किसमें परिवर्तन होता गया?**

(क) शिक्षा रूप, परिभाषा और शिक्षण पद्धतियों में ○

(ख) शिक्षा के रूप और परिभाषा में ○

(ग) शिक्षा के रूप और शिक्षण पद्धतियों में ○

(घ) विद्यालयों में ○

**प्रश्न 42. पहले शिक्षालयों में किसका राज्य होता था?**

(क) विद्यार्थी का ○ (ख) अध्यापक का ○

(ग) विद्यार्थी और अध्यापक का ○ (घ) विद्यालय का ○

**प्रश्न 43. विद्‌यार्थी मानने के लिए बाध्य थे-**

(क) गुरु की प्रत्येक उचित आज्ञा ○

(ख) गुरु की प्रत्येक अनुचित आज्ञा ○

(ग) गुरु की प्रत्येक उचित अथवा अनुचित आज्ञा ○

(घ) गुरु की प्रत्येक बात ○

**प्रश्न 44. विद्‌यार्थी को गुरुदेव के असीम क्रोध का भाजन बनना पड़ता था-**

(क) गुरु की इच्छा के विरुद्ध कार्य करने पर ○

(ख) गुरु की इच्छा के अनुसार कार्य करने पर ○

(ग) गुरु की सहमति से कार्य करने पर ○

(घ) अपनी इच्छानुसार सोचने पर ○

**प्रश्न 45. आज शिक्षा में शारीरिक दंड की जगह किसने ले ली है?**

(क) सहानुभूति और प्रेम ने ○ (ख) उपेक्षा और तिरस्कार ने ○

(ग) नफरत और उपेक्षा ने ○ (घ) शिक्षक और शिक्षार्थी ने ○

**काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तरों में गोला भरिए।**

हे महाराज!
तुम चले गये हो आज!
तुम्हारा राज्य
स्वपन सम भंग हुआ।
है ध्वस्त हो गया सिहांसन
तब सैन्य शक्ति
जिसके पदभार तलै धरती,
करती टलमल,
उसकी स्मृति आज वायु में भर
दिल्ली के पथ की धूल बनी
उड़ती-फिरती।
जयघोष नही करते है,
अब बन्दी-चारण,
यमुना के कल कल स्वर से अब
नौचतें मिलाती नहीं तान।

**प्रश्न 46. ''स्वपन सम भंग हुआ'' का अर्थ है-**

(क) सपने के समान मिट गया। ○ (ख) यादों जैसा भुला गया। ○

(ग) भावों के समान खो गया। ○ (घ) काल्पनिक बनकर रह गया। ○

**प्रश्न 47. सैन्य शक्ति का यह प्रभाव था कि-**

(क) धरती डोलती थी। ○ (ख) बेचैनी बढ़ जाती थी। ○

(ग) लोग काँप उठते थे। ○ (घ) लोग उठ खड़े होते थे। ○

**प्रश्न 48. प्राचीन वैभव की स्मृति अब बनकर उड़ रही है-**

(क) पतंग ○ (ख) अशांति ○

(ग) चिर शांति ○ (घ) दिल्ली के पथ की धूल ○

**प्रश्न 49. अब चारण-भाट आपका नहीं करते हैं।**

(क) जयघोष ○ (ख) स्मृति-गान ○

(ग) प्रशंसा ○ (घ) वंशावली का बखान ○

**प्रश्न 50. पहले यमुना के स्वर में गूँजती रहती थी-**

(क) नौबत की तान ○ (ख) अठखेलियों की धुन ○

(ग) संगीत की धुन ○ (घ) मंद-मंद स्वर ○